भारती महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय
जनकपुरी, दिल्ली 110058
राजभाषा कार्यान्वयन समिति "2022"

दिनांक : 09/09/2022

विषय : भारती महाविद्यालय में "हिंदी पखवाड़ा 2022" का आयोजन

महाविद्यालय में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा प्रशासनिक/ कार्यालयी कामकाज में अधिकारियों/कर्मचारियों की हिंदी के प्रति रूचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 14.09.2022 से 29.09.2022 तक **"हिंदी पखवाड़ा"** मनाया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान महाविद्यालय में कार्यरत गैर शैक्षणिक वर्ग के अधिकारियों/कर्मचरियों को राजभाषा हिंदी में कार्य करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी :-

| क्रम.सं. | प्रतियोगिताएँ एवं कार्यक्रम | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | कविता वाचन प्रतियोगिता | 14.09.2022, बुधवार<br>प्रातः 11:00-12:00 बजे | संगोष्ठी कक्ष,<br>भारती महाविद्यालय |
| 2. | आशु भाषण प्रतियोगिता | 14.09.2022, बुधवार<br>प्रातः 12:00-01:00 बजे | संगोष्ठी कक्ष,<br>भारती महाविद्यालय |
| 3. | कवि सम्मेलन | 15.09.2022 गुरुवार<br>प्रातः 11:00-01:00 बजे | नाट्य कक्ष<br>भारती महाविद्यालय |
| 4. | "हिंदी भाषा : तकनीक एवं प्रौद्योगिकी"<br>विषय पर व्याख्यान | 16.09.2022 शुक्रवार<br>प्रातः 11:00-01:00 बजे | संगोष्ठी कक्ष,<br>भारती महाविद्यालय |
| 5. | पुस्तकालय द्वारा हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी | 19.09.2022 सोमवार<br>प्रातः 10:00-01:00 बजे | पुस्तकालय<br>भारती महाविद्यालय |
| 6. | निबंध लेखन प्रतियोगिता | 19.09.2022 सोमवार<br>प्रातः 11:00-12:00 बजे | संगोष्ठी कक्ष,<br>भारती महाविद्यालय |
| 7. | टिप्पण एवं आलेखन लेखन प्रतियोगिता | 19.09.2022 सोमवार<br>प्रातः 12:00-01:00 बजे | संगोष्ठी कक्ष,<br>भारती महाविद्यालय |

प्रतियोगिताओं से सम्बंधित सामान्य नियम एवं शर्तें अनुलग्नक 1 में दी गई हैं।प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी कृपया अपना नाम, पदनाम, अनुभाग सम्बन्धी सूचना महाविद्यालय की राजभाषा समिति को 12.09.2022 तक देनें की कृपा करें।

नोट : किसी भी प्रतियोगिता में 6 से कम प्रतिभागी होंगें तो प्रतियोगिता रद्द कर दी जाएगी।

रेखा सपरा

कार्यवाहक प्राचार्य
भारती कॉलेज,
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
सी–4, जनक पूरी, नई दिल्ली–110058

अनुलग्नक 1

1. <u>कविता वाचन प्रतियोगिता:</u>
   - प्रतिभागी हिंदी साहित्य के किसी भी महत्त्वपूर्ण कवि की कविता का पाठ कर सकते है तथा अपनी स्वरचित कविता का भी पाठ कर सकते हैं।
   - कविता के पाठ की शैली एवं उच्चारण का ध्यान रखा जाएगा।
   - निर्याणक मंडल का निर्णय अंतिम माना जायेगा।

2. <u>आशुभाषण प्रतियोगिता :</u>
   - इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी को उसी समय एक पर्ची के माध्यम से विषय प्राप्त होगा।
   - प्रतियोगिता का समय प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 3 मिनट होगा जिसमें 1 मिनट विचार करने और 2 मिनट का भाषण होगा।
   - निर्याणक मंडल का निर्णय अंतिम माना जायेगा।
   - विचारों की स्पष्टता और भाषा शैली को ध्यान में रखा जाएगा।

3. <u>निबंध लेखन प्रतियोगिता</u>
   - प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को विषय उसी समय प्राप्त होगा।
   - प्रतियोगिता की समय सीमा 1 घंटे की होगी।
   - निबंध कम से कम 500 शब्दों का होना चाहिए।
   - प्रतिभागी कलम एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं स्वयं लाएं।

4. <u>टिप्पण एवं आलेखन लेखन प्रतियोगिता</u>
   - प्रतियोगिता की अवधि एक घंटे की होगी।
   - टिप्पण और आलेखन का विषय प्रतिभागियों को उसी समय प्राप्त होगा
   - विषय भारत सरकार के कार्यालय में किए जाने वाले कार्यों से सम्बंधित टिप्पण और आलेख सम्बन्धी होंगे।
   - प्रतिभागी कलम एवं अन्य आवश्यक वस्तुएँ स्वयं लाएगें।

रेखा सपरा

**कार्यवाहक प्राचार्य**
भारती कॉलेज,
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
सी–4, जनक पूरी, नई दिल्ली–110058